सं. ए-45011/4/2020-प्रशा.III

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

***

नई दिल्ली, 29 अक्तूबर, 2020

कार्यालय ज्ञापन

अधोहस्ताक्षरी को एतद्द्वारा सितंबर, 2020 के लिए आर्थिक कार्य विभाग के संबंध में महत्वपूर्ण नीति निर्णयों पर मासिक सार के अवर्गीकृत भाग को परिचालित करने का निदेश हुआ है।

(जसबीर सिंह)
उप सचिव
दूरभाष-23093592

अग्रेषण पत्र,

1. केंद्रीय मंत्री परिषद, भारत सरकार, नई दिल्ली के सभी सदस्य।
2. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के उप-राष्ट्रपति के सचिव, 6 मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली।
6. प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, पीएमओ, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
7. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली।
8. नीति आयोग, योजना भवन नई दिल्ली के सभी सदस्य।
9. मंत्रालयों/विभागों, भारत सरकार, नई दिल्ली के सभी सचिव।
10. एमओएस(एफ) के निजी सचिव, वित्त सचिव के प्रधान निजी सचिव, सचिव (आर्थिक कार्य) के प्रधान निजी, सचिव (राजस्व) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (व्यय) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (डीआईपीएएम) के प्रधान निजी सचिव।
11. मुख्य आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
12. अपर सचिव, (श्री ए गिरिधर), मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
13. डॉ. सी.एस. मोहपात्रा, अपर सचिव (एमएस एंड सीएस), आर्थिक कार्य विभाग।
14. श्री के राजारमन, अपर सचिव (प्रशासन एवं निवेश), आर्थिक कार्य विभाग।
15. सुश्री मीरा स्वरूप, एएस एंड एफए (वित्त)।
16. श्री ए एम बजाज, अपर सचिव (वित्त प्रबंधन), आर्थिक कार्य विभाग।

17. श्री संजीव सान्याल, प्रधान आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।

18. आर्थिक कार्य विभाग में सभी प्रभागों के प्रमुख। संयुक्त सचिव (बजट)/संयुक्त सचिव (बीसी एंड आईईआर)/संयुक्त सचिव (निवेश)/सलाहकार (सीएंडसी/एफएसएलआर/एफएसएंडसीएस)/सलाहकार (आईईआर)/सीएए

19. श्री राजेश मल्होत्रा, अपर महानिदेशक (एमएंडसी), वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।

20. गार्ड फाइल-2020।

फा.सं.-45011/4/2020- प्रशा.III

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

विषयः आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित सितम्बर, 2020 माह के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों का मासिक सार।

1. बृहद-आर्थिक परिदृश्य

अनलॉक की प्रक्रिया धीरे-धीरे शुरू होने, आत्मनिर्भर/भारत पैकेज के अंतर्गत सरकार की समर्थकारी नीतियों की सहायता के परिणामस्वरूप जुलाई, अगस्त और सितम्बर माह में गतिविधियां काफी हद तक बढ़ी। यह पीएमआई विनिर्माण आईआईपी, आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक, ई-वे हुंडियों, खरीफ की बुवाई, विद्युत खपत, रेलवे मालभाड़ा, माल यातायात तथा यात्री वाहन बिक्री जैसे उच्च आवर्ती संसूचकों की वृद्धि से स्पष्ट होता है। भारत का विनिर्माणकारी क्रय प्रबंधकों का सूचकांक (पीएमआई) लॉकडाउन लगने के बाद पहली बार अगस्त में 52.2 पर विस्तार क्षेत्र में प्रवेश कर गया जिससे विनिर्माण क्षेत्र के लिए अत्यावश्यक बहाली की संभावनाओं का उत्सर्ग हुआ। सृजित ई-वे हुंडियों के मूल्य में प्रदत्त निरंतर प्रोत्साहन प्रतिबिंबित होता है जो अगस्त में रु. 13.8 लाख करोड़ है (पिछले वर्ष के तदनुरूपी माह के मूल्य का 97.2%) महत्वपूर्ण सूचना का ब्यौरा सारणीबद्ध रूप में अनुबंध में दिया गया है।

2. अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियां

2.1 बजट भाषण 2020-21 में बजट घोषणा की गई थी कि वित्तीय संविदाओं की नोटिंग के लिए तंत्र निर्धारित करने हेतु संसद में एक विधान पुरःस्थापित किया जाएगा। तदनुसार, "अर्हक वित्तीय संविदाओं की द्विपक्षीय नोटिंग विधेयक 2020" (विधेयक) शीर्षक का एक विधेयक संसद में पुरःस्थापित किए जाने हेतु मंत्रिमंडल द्वारा 20 मार्च, 2020 को अनुमोदित किया गया था। तत्पश्चात, यह विधेयक लोक सभा द्वारा 20 सितम्बर, 2020 को और राज्य सभा द्वारा 23 सितम्बर, 2020 को पारित किया गया है। यह विधेयक बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थाओं के ऋण जोखिमों को सकल से कम करके निवल जोखिम करने में मदद करेगा जिसके फलस्वरूप ऐसे जोखिमों पर काफी बचत होगी और समग्रतः प्रणालीगत जोखिम कम होंगे जिससे वित्तीय स्थिरता आएगी। इसके अलावा, इस विधेयक से कॉर्पोरेट ऋण बाजार को प्रोत्साहन सहित भारत में वित्तीय बाजार विकसित होगा।

2.2 माननीय वित्त मंत्री द्वारा 13 मई 2020 को आत्मनिर्भर पैकेज के अंतर्गत की गई घोषणाओं में से एक घोषणा की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में रु. 30,000 करोड़ की विशेष नकदी स्कीम 01 जुलाई, 2020 से एनबीएफसी तथा एचएफसी के लिए कार्यान्वित की गई। यह स्कीम 01 जुलाई, 2020 को भारत सरकार द्वारा वित्तीय सेक्टर को किसी संभावित प्रणालीगत जोखिमों से बचाने के लिए विशेष प्रयोजन व्यवस्था (एसपीवी) के माध्यम से एनबीएफसी/एचएफसी की नकदी की स्थिति में सुधार लाने के लिए आरंभ की गई थी। इस स्कीम को बहुत ही सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। 25 सितम्बर, 2020 की स्थिति तक, रु. 11,120 करोड़ की राशि के उन्तालीस (39) प्रस्तावों को स्वीकृत किया गया था। रु.11,120 करोड़ की स्वीकृत राशि में से, रु. 6,647 करोड़ वितरित किए गए थे। शेष रु. 3,852 करोड़ की राशि का उपयोग नहीं किया जा सका क्योंकि उधारकर्ताओं को तत्काल आवश्यकता नहीं थी। यह स्कीम 30 सितम्बर, 2020 को बंद हो गई है।

2.3 आर्थिक कार्य विभाग ने 29 सितम्बर, 2020 की राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से 01 अक्तूबर, 2020 से अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र प्राधिकरण अधिनियम, 2019 (2019 का 50) की धारा 13 और धारा 33 को लागू किया। इन धाराओं के अनुसार वर्तमान विनियामकों (अर्थात, आरबीआई, सेबी, आईआरडीएआई एवं पीएफआरडीए) द्वारा अपने-अपने अधिनियमों के अंतर्गत प्रयोजनीय सभी शक्तियों का प्रयोग एकमात्र आईएफएससी प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा।

2.4 माननीय वित्त मंत्री के अनुमोदन से सितम्बर माह के दौरान दो ऋण व्यवस्थाएं (एलओसी) कराई गई जिनका ब्यौरा निम्नवत हैं:-

| क्र.सं. | देश का नाम | मिलियन अमरीकी डॉलर | परियोजना | अनुमोदन की तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मालदीव | 400.00 | ग्रेटर माले संपर्क परियोजना आरंभ करने के लिए | 17.09.2020 |
| 2. | उज्बेकिस्तान | 448.00 | सामाजिक अवसंरचना और अन्य विकास परियोजनाओं के लिए | 22.09.2020 |

2.5 (क) हिमाचल प्रदेश सरकार की हिमाचल प्रदेश राज्य सड़क रूपांतरण परियोजना के कार्यान्वयन हेतु विश्व बैंक के साथ 07 सितम्बर, 2020 को 82 मिलियन अमरीकी डॉलर के ऋण पर हस्ताक्षर किए गए।

(ख) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) द्वारा कार्यान्वित की जा रही दिल्ली-मेरठ तीव्र रेल पारगमन प्रणाली के लिए एमएफएफ ऋण के अंतर्गत 500 मिलियन अमरीकी डॉलर ऋण की पहली किस्त पर एडीबी के साथ 8 सितम्बर, 2020 को हस्ताक्षर किए गए।

(ग) 231 मिलियन अमरीकी डॉलर की ऋण प्रतिबद्धता के लिए असम विद्युत क्षेत्र निवेश कार्यक्रम हेतु एमएफएफ ऋण के 3 अंशों पर 10 सितंबर, 2020 को एडीबी के साथ समझौता किया गया।

(घ) मेघालय विद्युत वित्तीय क्षेत्र सुधार परियोजना नामक मेघालय सरकार की ऋण परियोजना के लिए 132.8 मिलियन अमरीकी डॉलर ऋण पर 24 सितंबर, 2020 को एडीबी के साथ समझौता किया गया।

**2.6** 75 रु. मूल्यवर्ग का एक स्मारक सिक्का 75वीं खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) वर्षगांठ के अवसर पर 17 सितंबर, 2020 को जारी किया गया।

**2.7** सितंबर 2020 के महीने के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित हुई थी:-

i. सचिव (आ.का) ने सऊदी प्रेसीडेंसी के तहत जी-20 संयुक्त वित्त और स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक में माननीय वित्त मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारामन का प्रतिनिधित्व किया था जो कि 17 सितंबर, 2020 को आभासी रूप से आयोजित की गई थी।

ii. सचिव (आ.का) भारत के जी-20 वित्त प्रतिनिधि के रूप में 15-16 सितंबर, 2020 को आभासी रूप से आयोजित की गई जी 20 सऊदी अरब प्रेसीडेंसी के तहत वित्त एवं स्वास्थ्य प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक में उपस्थित हुए थे। जी-20 प्रतिनिधियों ने जी-20 स्वास्थ्य एवं वित्त मंत्रियों के संयुक्त वक्तव्य के पैराग्राफ (अनुच्छेदों) पर बातचीत की थी।

iii. भारत के ब्रिक्स वित्त प्रतिनिधि के रूप में, सचिव (आ.का) 3 सितंबर, 2020 को आभासी रूप से आयोजित रूसी प्रेसीडेंसी के तहत तीसरी ब्रिक्स वित्त प्रतिनिधियों की बैठक में उपस्थित हुए।

iv. सचिव (आ.का) ने सामाजिक क्षेत्रों के लिए अर्थक्षमता अंतराल वित्तपोषण (वीजीएफ) को जारी रखने और पुनर्निर्माण करने से संबंधित दिनांक 22.09.2020 को अंतर मंत्रालयी बैठक की अध्यक्षता की।

v. श्री समीर खरे, अपर सचिव ने एशियाई विकास बैंक (आभासी) की 53वीं वार्षिक बैठक के अवसर पर 16 सितंबर, 2020 को आभासी रूप से सार्क वित्त मंत्रियों की 15वीं अनौपचारिक बैठक में भाग लिया।

vi. श्री संजीव सान्याल, आ.का.वि. प्रमुख आर्थिक सलाहकार (एफडब्ल्यूजी की भारतीय सह-अध्यक्षता के रूप में उनकी क्षमता में) 24 सितंबर, 2020 को आभासी रूप से जी-20 सऊदी अरब अध्यक्षता के तहत जी 20 फ्रेमवर्क वर्किंग समूह में उपस्थित होने के लिए भारतीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व किया था।

vii. श्री समीर कुमार खरे, अपर सचिव ने 15 सितंबर, 2020 को विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं हेतु आ.का.वि. जांच समिति की 110वीं बैठक की अध्यक्षता की।

viii. श्री समीर कुमार खरे, अपर सचिव ने 25 सितंबर, 2020 को सॉवरेन गारंटी द्वारा समर्थित एमडीबी ऋणों के संबंध में जीएफआर 25 की प्रस्तुति की स्थिति की समीक्षा करने के लिए बैठक की अध्यक्षता की।

ix. श्री समीर कुमार खरे, अपर सचिव, सभी कार्यकारी एजेंसियों और राज्य वित्त विभागों के साथ 8 सितंबर, 2020 को आयोजित लिबोर के लिए एडीबी के आउटरीच प्रयासों के हिस्से के रूप में हितधारकों की बैठक में उपस्थित हुए।

x. श्री समीर कुमार खरे, अपर सचिव ने 16 सितंबर, 2020 को आयोजित सार्क बैठक में और 16 सितंबर, 2020 को एडीएफ-13 पुनर्भरण बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

xi. एडीबी की वार्षिक बैठक 16-18 सितंबर, 2020 को आयोजित हुई थी।

xii. वरिष्ठ सलाहकार, ईडी (एडीबी) ने 18 सितंबर, 2020 को आयोजित द्वितीय व्यापार सत्र में भारत के अस्थायी वैकल्पिक गवर्नर के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

xiii. निदेशक (आईएफएफ) ने 21 सितंबर, 2020 को आयोजित आईएमएफसी प्रतिनिधियों की आभासी बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

xiv. विश्व बैंक की आभासी त्रिपक्षीय पोर्टफोलियो बैठक (टीपीआरएम) 22-24 सितंबर, 2020 को आयोजित की गई थी जिसमें संबंधित मंत्रालयों/राज्य सरकारों से सभी चालू परियोजनाओं की समीक्षा की गई थी।

xv. एडीबी की आभासी त्रिपक्षीय पोर्टफोलियो बैठक (टीपीआरएम) 28 सितंबर को आयोजित हुई थी जिसमें संबंधित मंत्रालयों/राज्य सरकारों से वित्त वर्ष 2020 और 2021 के अंतर्गत आने वाली सभी परियोजनाओं की समीक्षा की गई थी और चल रही सभी परियोजनाओं के लिए टीपीआरएम 30 सितंबर, 2020 और 1 अक्तूबर, 2020 को आयोजित की जा रही है।

xvi. राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना लिमिटेड (एनआईआईएफएल) की बोर्ड बैठक 30 सितंबर, 2020 को आयोजित हुई थी।

xvii. आर्थिक एवं कल्याण उपायों पर अधिकार प्राप्त समूह (ईजीईडब्ल्यू) की एक बैठक दिनांक 7.9.2020 और 25.9.2020 को आयोजित की गई थी।

xviii. भारत और मैक्सिको के बीच बीआईटी वार्ता का दौरा डीवीसी के जरिए 15 सितंबर, 2020 को आयोजित हुआ था।

xix. भारत और कोरिया व्यापार तथा निवेश मुद्दों पर प्रमुख वार्ता संबंधी बैठक डीवीसी के जरिए 17 सितंबर, 2020 को आयोजित हुई थी और आर्थिक कार्य विभाग द्वारा उपस्थिति दर्ज की गई।

xx. पूर्व चेतावनी समूह (ईडब्ल्यूजी) की 19वीं बैठक, एफएसडीसी तकनीकी वर्किंग समूह में से एक की बैठक 23 सितंबर, 2020 को टिप्पणियों के परिचालन के माध्यम से आयोजित की गई थी।

3. न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन

सूचना की प्रस्तुति में आईसीटी के उपयोग को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

4. एसीसी निर्देशों/आदेशों का अनुपालन न करना

शून्य

5. माह के दौरान स्वीकृत किए गए एफडीआई प्रस्ताव और विभाग में अनुमोदनार्थ प्रतीक्षित एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति:

विभाग में अनुमोदनार्थ प्रतीक्षित: 11

****

*अनुबंध*

| तालिका 1: स्थिर मूल्य (2011-12) पर तिमाही-वार जीवीए वृद्धि (प्रतिशत) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्षेत्र | 2019-20 | | | | 2020-21 |
| | ति.1 | ति.2 | ति.3 | ति.4 | ति.1 |
| कृषि, वानिकी एवं मात्स्यिकी | 3.0 | 3.5 | 3.6 | 5.9 | 3.4 |
| उद्योग | 4.2 | 0.5 | -0.3 | -0.6 | -38.1 |
| सेवाएं | 5.5 | 6.5 | 5.7 | 4.4 | -20.6 |
| आधार मूल्य पर जीवीए | 4.8 | 4.3 | 3.5 | 3.0 | -22.8 |
| *स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ)।* | | | | | |

| तालिका 2:जीडीपी की मांग पक्ष एवं इसके घटको में वार्षिक वास्तविक वृद्धि (प्रतिशत) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2019-20 | | | | 2020-21 |
| | ति.1 | ति.2 | ति.3 | ति.4 | ति.1 |
| कुल खपत | 5.6 | 7.8 | 7.6 | 4.2 | -19.2 |
| सरकारी खपत | 6.2 | 14.2 | 13.4 | 13.6 | 16.4 |
| निजी खपत | 5.5 | 6.4 | 6.6 | 2.7 | -26.7 |
| सकल नियत पूंजी निर्माण | 4.6 | -3.9 | -5.2 | -6.5 | -47.1 |
| निर्यात | 3.2 | -2.2 | -6.1 | -8.5 | -19.8 |
| आयात | 2.1 | -9.4 | -12.4 | -7.0 | -40.4 |
| बाजार मूल्य पर जीडीपी | 5.2 | 4.4 | 4.1 | 3.1 | -23.9 |
| *स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ)।* | | | | | |

| तालिका 3 : मुद्रास्फीति-सीपीआई-सी, डब्ल्यूपीआई (प्रतिशत) | | | |
|---|---|---|---|
| | अगस्त -19 | जुलाई - 20 | अगस्त - 20 |
| सीपीआई-सी | 3.28 | 6.73 | 6.69 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| डब्ल्यूपीआई | 1.17 | - 0.58 | 0.16 |

स्रोत: सीपीआई-सी और ओईए के लिए एनएसओ, डब्ल्यूपीआई हेतु डीपीआईआईटी

टिप्पणी: विगत 2 माह के लिए डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति एवं विगत एक माह के लिए सीपीआई-सी मुद्रास्फीति अनंतिम है।

| तालिका 4: मौद्रिक विकास | |
|---|---|
| मद | 18 सितंबर 2020 |
| रेपो दर नीति | 4.00 |
| 10-वर्ष जी-सैक प्रति यील्ड (एफबीआईएल) | 6.03 |
| बैंक साख वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि # | 5.3 |
| टिप्पणी: # 11 सितंबर, 2020 के अनुसार | |

| तालिका 5 : वाणिज्य व्यापार प्रदर्शन (सीमा आधारित) (अमरीकी डॉलर बिलियन में) | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्यात | आयात | व्यापार संतुलन |
| अगस्त, 2019 | 26.0 | 39.9 | -13.9 |
| अगस्त, 2020 | 22.7 | 29.5 | - 6.8 |

| तालिका 6: सेवा व्यापार प्रदर्शन (अमरीकी डॉलर बिलियन में) | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्यात | आयात | व्यापार संतुलन |
| जुलाई, 2020 | 17.0 | 10.0 | 7.0 |

स्रोत: अनंतिम आंकड़े दिनांक 15.09.2020 के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, के वाणिज्य विभाग की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार हैं।

| तालिका 7 : भुगतान संतुलन | | |
|---|---|---|
| मद | 2018-19 ति.4 | 2019-20 (अ) ति.4 |
| चालू खाता संतुलन (अमरीकी डॉलर बिलियन में) | -4.6 | 0.6 |
| चालू खाता संतुलन / जीडीपी (प्रतिशत) | -0.7 | 0.1 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक | | |

| तालिका 8: विदेशी विनिमय भंडार (अमरीकी डॉलर बिलियन में) | |
|---|---|
| मार्च, 2020 | 477.8 |
| 11.9.2020 | 541.7 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक | |

तालिका 9 : भारतीय रुपये की विनिमय दर

(विदेशी मुद्रा के सापेक्ष रुपया प्रति इकाई)

| | अमरीकी डॉलर | पाउंड स्टर्लिंग Pound Sterling | यूरो | जापानी येन |
|---|---|---|---|---|
| 22.9.2020 | 73.4951 | 93.9782 | 86.2960 | 70.2500 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक | | | | |

तालिका 10 : विदेशी ऋण (अमरीकी डॉलर बिलियन)

| | मार्चांत 2019 के अनुसार (1) | मार्चांत 2020 के अनुसार (2) | प्रतिशतता विविधता [(2/1)-1]*100 |
|---|---|---|---|
| कुल बकाया विदेशी ऋण | 543.1 | 558.5 | 2.8 |
| स्रोत: विदेशी ऋण पर तिमाही रिपोर्ट मार्चांत 2020 के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक। | | | |

तालिका 11 : औद्योगिक उत्पादन विशेषताएं*

| मासिक वृद्धि | मई-19 | जून-19 | जुलाई-19 |
|---|---|---|---|
| औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर (आईआईपी) | 4.5 | 1.3 | 4.9 |
| मासिक वृद्धि | मई-20 | जून -20 | जुलाई -20 |
| औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर (आईआईपी) | -33.9 | -15.8 | -10.4 |

तालिका 12 : आठ कोर उद्योग*

| मासिक वृद्धि | जून -19 | जुलाई -19 | अगस्त-19 |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| आठ कोर उद्योगों की वृद्धि | 1.2 | 2.6 | - 0.2 |
| मासिक वृद्धि | जून -20 | जुलाई -20 | अगस्त -20 |
| आठ कोर उद्योगों की वृद्धि | -12.9 | - 8.0 | - 8.5 |

*****